# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 1281 / /एके0/MSU/2021–22 दिनांक: 30.08.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध समस्त राजकीय/वित्तपोषित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषय – महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह में छात्रों को प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक, उत्तर प्रदेश, संस्कृत संस्थानम् के पत्रांक संख्या–112/सं0सं0/2022, दिनांक : 24 अगस्त, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर जनपद स्तर से लेकर राज्य स्तर तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं के लिए संस्कृत भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं के बीच प्रतियोगिताओं की सूचना प्रसारित कराने का कष्ट करें। प्रतियोगिता से सम्बन्धित नियमावली एवं तिथि/स्थान का विवरण संलग्न है।

भवदीय

कुलसचिव

संलग्नक–यथोपरि।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निदेशक, उत्तर प्रदेश, संस्कृत संस्थानम, कक्ष संख्या–811, आठवॉ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ–226001।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के अनुमोदन एवं संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

फोनः कार्या. (0522) 4007012, 4330139
ई-मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम्

(भाषा विभाग उ0प्र0 शासन के नियंत्रणाधीन)
कक्ष सं0: 811, आठवाँ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ - 226001
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक................................
दिनांक................................

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
सरोजनी नायडु मार्ग, प्रयागराज –211001
उत्तर प्रदेश।

विषयः महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह में छात्रों को प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर कक्षा 6 (प्रथमा) से इण्टर (उत्तर मध्यमा) स्तर के छात्र–छात्राओं के मध्य संस्कृत गीत तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया हैं। जनपद स्तर से लेकर राज्य स्तर तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं के लिए संस्कृत भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त जनपदों में आयोजित की जायेगी। जनपद स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों की प्रतियोगिता मण्डल स्तर पर करायी जायेगी तथा मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें। इसके अतिरिक्त 10 अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की पात्रता हेतु मण्डल स्तर पर ऑनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

जनपद स्तरं की प्रत्येक प्रतियोगिता में नियमानुसार प्रथम पुरस्कार रु0 1,000/– द्वितीय पुरस्कार रु0 800/–, तृतीय पुरस्कार रु0 700/– मण्डल स्तर की तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार रु0 3,000/– द्वितीय पुरस्कार रु0 2,000/–, तृतीय पुरस्कार रु0 1,000/– तथा राज्य स्तर की प्रत्येक प्रतियोगिता में

प्रथम पुरस्कार रु0 11,000/– द्वितीय पुरस्कार रु0 7,000/–, तृतीय पुरस्कार रु0 5,000/– तथा रु0 1,000/– की तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं जिला विद्यालय निरीक्षक तथा मण्डल स्तर की प्रतियोगिताएं संयुक्त शिक्षा निदेशक/उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं द्वारा निर्धारित किये गये संस्कृत विद्यालय/इण्टर कालेजों पर होगा। जनपद स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर 2022 से दिनांक 16 सितम्बर 2022 तक तथा मण्डल स्तर पर दिनांक 25 सितम्बर 2022 से 30 सितम्बर 2022 के मध्य आयोजित कराने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि मण्डल स्तर पर चयनित छात्र–छात्राओं की प्रतियोगिताएं राज्य स्तर पर लखनऊ में दिनांक 8 एवं 9 अक्टूबर 2022 को आयोजित हो सके। इस पत्र के साथ संस्कृत छात्र प्रतियोगिता निर्देशिका नियमावली संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों तक प्रतियोगिताओं की सूचना प्रसारित करने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक– यथोक्त।

(पवन कुमार)
निदेशक

पत्रांक 1·12/सं0सं0/2022 दिनांक– २५ अगस्त 2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1: विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, शिक्षा अनुभाग–9, लखनऊ।
2: कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3: सचिव, उ0 प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, शाहमीना रोड, लखनऊ।
4: समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5: पत्रावली हेतु।

(पवन कुमार)
निदेशक

## उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ
(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)

### संस्कृत छात्र प्रतियोगिता निर्देशिका नियमावली

**प्रतियोगिता का उद्देश्य-**

1. संस्कृत का प्रचार-प्रसार, संवर्द्धन एवं संरक्षण करना।
2. छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना।
3. छात्रों की अन्तर्निहित शक्तियों का सर्वांगीण विकास करना।

☑ **प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथि एवं स्थान-**

| प्रतियोगिता | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| जनपदस्तरीय | 12 सितम्बर 2022 से 16 सितम्बर 2022 तक | जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा चयनित सम्बन्धित जिला के विद्यालय में। |
| मण्डल स्तरीय | 25 सितम्बर 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक | उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं द्वारा चयनित सम्बन्धित मण्डल के विद्यालय में। |
| राज्य स्तरीय | 08 एवं 09 अक्टूबर,2022 | उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा लखनऊ में निर्धारित स्थान पर। |

⇨ **मुख्य बिन्दु-**

1. संस्कृत गीत प्रतियोगिता 2. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता 3. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता जनपद, मण्डल एवं राज्यस्तर पर आयोजित होगी। शेष 10 अन्य प्रतियोगिताएँ केवल राज्य स्तर पर होगी, जिसके लिए मण्डल स्तरीय ऑनलाइन पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी।

⇨ जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रायें ही मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकेंगे।

⇨ मण्डलस्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रायें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होंगे।

⇨ उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्र / छात्रायें प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकते है।

⇨ जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2022 है। मण्डल स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2022 है।

⇨ विस्तृत जानकारी, अद्यतन सूचना तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट

http://upsanskritsansthanam.in/ पर जायें।

**⇨ जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण**

| | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 1. संस्कृत गीत प्रतियोगिता | 1000 | 800 | 700 |
| 2. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | 1000 | 800 | 700 |
| 3. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | 1000 | 800 | 700 |

**⇨ मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण**

| | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 1. संस्कृत गीत प्रतियोगिता | 3000 | 2000 | 1000 |
| 2. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | 3000 | 2000 | 1000 |
| 3. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | 3000 | 2000 | 1000 |

**⇨ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण**

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सान्त्वना (कुल 3) |
|---|---|---|---|
| 11,000 | 7,000 | 5,000 | 3,000 |

**⇨ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के नाम तथा प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की अर्हता**

| क्रम सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों की अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | संस्कृत गीत प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 2 | संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | स्नातक तथा स्नातकोत्तर की छात्र/ छात्राएँ |
| 3 | श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 4 | अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 5 | अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतियोगिता (प्रथम काण्ड) | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 6 | लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 7 | तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 8 | गद्य वाचन प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 9 | कथाकथन प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 10 | मूलरामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक की छात्र/ छात्राएँ |
| 11 | श्रुतलेख प्रतियोगिता | कक्षा स्नातक की छात्र छात्र/ छात्राएँ |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | संस्कृत नाटक प्रतियोगिता | कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र/ छात्राओं का दल |
| 13 | शास्त्रार्थ प्रतियोगिता (व्याकरण) | स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध की छात्र/ छात्राएँ |

☑ **समस्त प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य नियम:-**

1. जनपद तथा मण्डल स्तर पर संस्कृत गीत प्रतियोगिता, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी।

2. जनपद तथा मण्डल स्तर की प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त राज्यस्तर पर 10 अन्य प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। क्रम संख्या 4 से 13 तक पर अंकित 10 अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की पात्रता हेतु मण्डल स्तर पर ऑनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

3. इन प्रतियोगिताओं में उ0प्र0 के सभी शासकीय/अशासकीय/प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टर कॉलेज, पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, विद्यामन्दिर, गुरुकुल, संगीत विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्र/छात्रायें प्रतिभाग करेंगे।

4. उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के विद्यालय, छात्र आवेदन पत्र एवं प्रतियोगिता नियमावली जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/ जनपद संयोजक से प्राप्त कर सकते हैं अथवा संस्थान की वेबसाइट http://upsanskritsansthanam.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

5. जनपदस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक छात्र आवेदन पत्र में अपना नाम, कक्षा का नाम, विद्यालय का नाम, जनपद नाम, दूरभाष, फोटो आदि विवरण पूरित करने के बाद उसे संस्था प्रमुख से प्रमाणित करा लें। इस आवेदन पत्र को प्रतियोगिता के 2 दिन पूर्व जनपद स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कराने वाली आयोजक संस्था के पास जमा करेंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिये अलग-अलग आवेदन पत्र पूरित करना होगा। विशेष परिस्थितियों में आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में हाथ से भी लिखकर पूरित कर सकते हैं। विद्यालय अपने छात्रों के आवेदन को संकलित कर प्रतियोगिता के 2 दिन पूर्व आयोजक संस्था/ जनपद संयोजक के पास जमा करेंगे।

6. जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रायें ही मण्डलस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।

7. जनपद स्तरीय, मण्डलस्तरीय एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार की राशि उनके अथवा उनके माता पिता के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी। प्रतियोगिता का प्रमाण-पत्र संयोजक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

8. जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी संस्थाऐं छात्र/छात्राओं के यात्रा व्यय, आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था अपने स्तर से करेंगे।

9. जनपद स्तरीय, मण्डल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं की सुरक्षा, अनुशासन, आवागमन व उनकी वस्तुओं की सुरक्षा का दायित्व सम्बद्ध संस्थाओं का होगा।

10. मंडल स्तरीय तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ आने वाले एक अध्यापक/ अभिभावक को संस्थान के नियमानुसार यात्रा व्यय प्रदान किया जाएगा । यात्रा व्यय पाने के लिए टिकट की मूल प्रति देना अनिवार्य होगा।

11. राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ आने वाले एक अध्यापक/ अभिभावक के भोजन व आवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य धनराशि देय नहीं होगी।

12. जिला स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही मण्डल की प्रतियोगिताओं में तथा मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही राज्यस्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

13. एक प्रतिभागी अधिकतम 02 प्रतियोगिताओं में ही प्रतिभाग कर सकता है। संस्कृत नाटक प्रतियोगिता को छोड़कर अन्य एक प्रतियोगिता में एक विद्यालय/ महाविद्यालय के अधिकतम 3 छात्र/ छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।

14. जो प्रतिभागी राज्य स्तर के जिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका हो, वह पुनः उस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अनर्ह होगा।

15. संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रतिभागी द्वारा सी.डी./ऑडियो कैसेट एवं इलैक्ट्रानिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग वर्जित है। प्रतिभागी लिखित सामग्री देखकर गायन या भाषण नहीं करेंगे।

16. सभी प्रतियोगितायें पूर्णरूप से संस्कृत भाषा में ही होंगी।

17. प्रतियोगिता के विषय भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने वाले होने चाहिये तथा प्रतियोगिताओं में किसी भी प्रकार का राष्ट्रविरोध, व्यक्तिविशेष विरोध या राजनैतिक आक्षेप प्रदर्शित करना सर्वथा निषिद्ध है।

18. प्रतियोगिताओं में एकल प्रस्तुति होगी। नाटक प्रतियोगिता को छोड़कर अन्य प्रतियोगिताओं में सामूहिक प्रस्तुति की अनुमति नहीं दी जाएगी।

19. जनपद स्तर की प्रतियोगिताओं का निर्णय 2 निर्णायकों तथा मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 03 निर्णायकों के द्वारा प्रदत्त अंकों के योग के आधार पर किया जायेगा। निर्णायकों का निर्णय सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा।

20. राज्य संयोजक, मण्डल संयोजक एवं निर्णायक अपने स्तर पर किसी भी प्रकार के नियमों का निर्धारण नहीं करेंगे।

21. सभी प्रतियोगिताएं जनपद संयोजक, मण्डल संयोजक, राज्य संयोजक तथा सम्बद्ध अधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न होंगी तथा उनके निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी अनुशासन हीनता की स्थिति में प्रतिभागी को प्रतियोगिता के लिए अनर्ह माना जाएगा।

22. किसी प्रतियोगिता के लिए निर्धारित पुरस्कारों की संख्या से उस प्रतियोगिता में तीन गुना अधिक प्रतिभागी के प्रतिभाग करने पर ही उक्त संख्या में पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतिभागियों के अनुपात के आधार पर पुरस्कारों की संख्या तय होगी।

23. विशेष परिस्थितियों में नियम परिवर्तन का अधिकार अध्यक्ष/निदेशक, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।